तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

14 ग्रामीण क्षेत्र में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित







# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ा जनसैलाब, जमकर बरसा धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय का बाजार दिनभर रौनक से सराबोर रहा। सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। लोग शुभ मुहूर्त में जमकर खरीदारी करते नजर आए। पूरे दिन बाजारों में मेले जैसा माहौल रहा। चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष जुगल भट्टर ने बताया कि इस बार ग्राहकी उम्मीद के अनुरूप रही और कई क्षेत्रों में तो पिछले वर्ष से बेहतर कारोबार दर्ज किया गया। शहर के सर्राफा बाजारों में सोना-चांदी की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही। लोग आभूषणों के साथ-साथ सिक्के, चांदी के बर्तन और पूजन सामग्री की खरीदारी करते दिखाई दिए। सर्राफा कारोबारी अजय सोनी के अनुसार इस बार सोने और चांदी दोनों की बिक्री में उम्मीद से करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी तरह बर्तन और गृह सज्जा सामग्री की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ रही। कई दुकानों में तो ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। धनतेरस पर पारंपरिक रूप से बर्तन खरीदने की मान्यता के चलते स्टील, कांसे और तांबे के बर्तनों की बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि रही। कपड़ा बाजार भी पूरे दिन गुलजार रहा। तोड़ बिक्री दर्ज की गई। ▶▶ शेष पेज 14 पर

## सोना-चांदी, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जमकर बिक्री



### व्यापारियों के खिले चेहरे

ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी इस बार रिकॉर्ड धनतेरस के शुभ अवसर पर व्यापार में आई इस तेजी से व्यापारी वर्ग के चेहरे खिल उठे। अब उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली तक यह रौनक बरकरार रहेगी और त्योहारों का यह मौसम स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। महिलाएं और युवा पारंपरिक परिधानों के साथ-साथ आधुनिक फैशन के कपड़ों की खरीदारी करते नजर आए। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, फ्रिज और अन्य घरेलू उपकरणों की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई।



## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 353 सिद्धि राइस मिल के पास का है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यशवंत कुमार सतनामी निवासी वार्ड नं 10 ग्राम केशवा ने बताया कि 17 अक्टूबर को वह अपनी बड़ी मां के लड़के संतोष कुमार सतनामी के साथ अपने मोटर सायकल से गुल्लू गुखेरा अपनी भांजी को देखने के लिये गये थे। वापस आने के दौरान शाम करीब 4.30 बजे के आसपास एनएच 353 रोड सिद्धि राइस मिल के सामने महासमुंद से नदी मोड की ओर जा रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीसी 9458 के चालक द्वारा अपनी स्कूटी को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक व खतरनाक ढंग से चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए का जेवर चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली के एक ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए के जेवर चोरी के मामले में अज्ञात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड क्रमांक 12 निवासी व जय अंबे ज्वेलर्स के संचालक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया 17 अक्टूबर को लगभग 11 बजे वह अपने ज्वेलरी दुकान में स्टाफ विद्या, प्रहलाद तथा पुत्र यश अग्रवाल के साथ बैठा था। लगभग 11:45 बजे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखने से पता चला कि एक अज्ञात व्यक्ति जो आसमानी कलर का फुल टी शर्ट पहने हुए था, ने ट्रे में रखे सोने की एक जोड़ी लटकन वजन लगभग 6 ग्राम से अधिक कीमत 60000 रुपए को देखने के बहाने चोरी कर लिया।

### ढोलक में छिपाकर गांजा की तस्करी

**महासमुंद।** मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहे शख्स के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पीले रंग का ढोलक लेकर मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहा है। पुलिस की पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सुनील पांडे पिता सराबदेव उर्फ सर्वदेव पांडे (46 साल) हाउस नं0 186 शहीद वीर नारायण सिंह नगर एचएससीएल कॉलोनी वार्ड नं 28 सेक्टर नंबर 11 थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग बताया। साथ ही ढोलक के अंदर क्या है पूछने पर वह गोलमोल जबाव देने लगा। कड़ाई से पूछने पर ढोलक के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया और उक्त गांजा को सोनपुर ओडिशा से खुर्सीपार दुर्ग ले जाना बताया। मामले में आरोपी के कब्जे से ढोलक के अंदर सफेद रंग के पॉलीथिन के अंदर रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा 3 किलोग्राम कीमत 45000 रुपए को जब्त किया गया।

## अपराध : गिरफ्तार आरोपियों ने चाकू मारना स्वीकार किया

# आपसी विवाद में गई युवक की जान, दो घायल, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम खटियापाटी में 17 अक्टूबर को रात्रि 7.45 से 08.30 बजे के बीच हुई मारपीट की घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे विस्तृत पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, इस घटना में हरीश उर्फ भखा सायर 21 साल की मृत्यु हो गई है। मृतक हरीश सायर का स्थाई निवास ग्राम सुढेला, वर्तमान निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार था।

इस मारपीट में दीप कुर्रे को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। वहीं साहिल सायर को सामान्य चोटें आई हैं। इस घटना में कुल 1 युवक की मृत्यु हुई है औरउ 2 युवक घायल हुए हैं।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 109(1), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान की और अभी तक 2 आरोपी युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों आरोपी युवकों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है।

## चाकू से हमला, पांच युवक गिरफ्तार, जेल दाखिल



**घोटिया ।** थाना गिधपुरी क्षेत्र के ग्राम दतरेंगी में शुक्रवार की रात एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात में एक अपचारी बालक सहित कुल पांच आरोपी शामिल थे।

जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर की रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच प्रार्थी गुलशन चक्रधारी अपने साथी के साथ दुर्गा चौक, दतरेंगी में खड़ा था। उसी दौरान बाइक तेज गति से चलाने की बात को लेकर प्रार्थी के साथी और कुछ युवकों के बीच वाद-विवाद हो गया। जब प्रार्थी गुलशन ने बीच-बचाव और समझाइश देने की कोशिश की, तभी आरोपियों ने आवेश में आकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

घटना की रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल विवेचना शुरू की गई।

थाना प्रभारी गिधपुरी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश उर्फ रिंकू ध्रुव 22 वर्ष निवासी ग्राम चरौदा, योगेश ध्रुव 24 वर्ष, निवासी ग्राम चरौदा, दानी ध्रुव 18 वर्ष निवासी ग्राम चरौदा, हेमलाल निर्मलकर 23 वर्ष निवासी ग्राम दतरेंगी और एक अपचारी बालक शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने प्रार्थी द्वारा बीच-बचाव करने पर गुस्से में आकर उस पर चाकू से वार किया। सभी आरोपियों को 18 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

# खैरी जंगल में 140 लीटर शराब और 54 बोरा मुहआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया



थाना पलारी पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम खैरी के जंगल में बने एक बंद कमरे पर दबिश दी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा, जहां भारी मात्रा में अवैध महुआ पास और शराब बरामद की गई।

जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में पुलिस बल ने जंगल क्षेत्र में बने एक संदिग्ध कमरे को घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। तलाशी के दौरान पुलिस को 54 बोरी महुआ पास एवं लगभग 140 लीटर तैयार महुआ शराब बरामद हुई। अवैध शराब बनाने और रखने की गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल जब्ती की कार्रवाई की।

पुलिस ने मौके से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया है, लेकिन पूरे प्रकरण में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ पुलिस स्टाफ के जवानों की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

## पुलिस ने 7 जुआरियों को दबोचा



**बलौदाबाजार।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना पर पुलिस ने जुआ खेलते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे 7500 रुपए जब्त किया गया है। पकड़े गए जुआरियों में सूरज डहरिया 36 साल निवासी ग्राम खजुरी, सेवक राम पटेल 31 साल निवासी ग्राम पारागांव, हेमंत सेवकर 19 साल निवासी ग्राम खजुरी, अजय कुमार यादव 24 साल निवासी ग्राम खजुरी, हीराचंद यादव 25 साल निवासी ग्राम खजुरी, तुलसीराम सोनवानी 29 साल निवासी ग्राम खजुरी विष्णु सेवकर 53 साल निवासी ग्राम खजुरी चौकी करहीबाजार शामिल हैं। आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए जिले में समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। आरोपी जुआरियों के विरुद्ध चौकी करहीबाजार में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

# अंचल में धनतेरस का पर्व सादगी और श्रद्धा से मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला क्षेत्र में धनतेरस का पर्व इस वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामवासियों ने अपने घरों को रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया और चौक पर आकर्षक ढंग से तेरह दीपकों को प्रज्ज्वलित किया। इस विशेष अवसर पर चावल आटे से बने दीयों का उपयोग किया गया, जिसे धार्मिक दृष्टिकोण से मां लक्ष्मी को प्रिय माना जाता है।

धनतेरस के दिन को लेकर मान्यता है कि इस दिन भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन से अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन को आरोग्य और समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। वहीं एक अन्य मान्यता के अनुसार, मां ▶▶ शेष पेज 14 पर

# सुहेला के तिगड्डे पर आवागमन बाधित ग्रामीणों ने की यातायात पुलिस की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला के तिगड्डा चौक में इन दिनों लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली के अवसर पर बाजारों में बढ़ती भीड़ और चौक से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि चौक पर हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। धनतेरस और दीपावली के चलते लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए बाहर निकल रहे हैं, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। लेकिन भारी जाम के कारण लोगों को न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटना का डर भी सताने लगा है। ▶▶ शेष पेज 14 पर

# सोसाइटियों में डस्ट भरे चावल का वितरण

## हितग्राहियों में आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत इस माह ग्रामीणों को वितरित किया जा रहा चावल अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में है। शासकीय उचित मूल्य दुकान खम्हरिया के साथ-साथ क्षेत्र के अधिकांश दुकानों में इस बार जो चावल बांटा जा रहा है वह पूरी तरह खराब है। चावल इस बार अत्यधिक धूल डस्ट मिश्रित है, जो खाने योग्य नहीं है। चावल खराब होकर पीला हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि चावल में करीब 5-10 प्रतिशत तक डस्ट है, उन्हें मजबूरी में घटिया चावल खाना पड़ रहा है, क्योंकि विकल्प के रूप में दूसरा कोई साधन नहीं है। एक लाभार्थी ने बताया अगर डस्ट को अलग कर दें तो 10 किलो में से मुश्किल से 8-9 किलो ही शुद्ध चावल बचेगा।

इस मामले में जब बिलाईगढ़ खाद्य निरीक्षक अमित शुक्ला से हमारे प्रतिनिधि ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, तो कोई जवाब नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल, गेहूं, नमक, शक्कर आदि सभी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच का जिम्मा संबंधित क्वालिटी इंस्पेक्टर का होता है। परंतु ग्रामीणों के अनुसार, क्वालिटी इंस्पेक्टर की अब तक किसी भी निरीक्षण या जांच की गतिविधि न तो राइस मिल में, न ही वेयरहाउस या पीडीएस दुकान में दिखाई दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि लगातार निम्न गुणवत्ता का चावल वितरण हो रहा है और अधिकारी जांच नहीं कर रहे, तो यह स्पष्ट संकेत है कि पूरे तंत्र में मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और राइस मिल संचालकों पर कार्यवाही की मांग की है, ताकि आने वाले महीनों में गरीब उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनाज मिल सके।

## नगर भवन में लगे शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# आयुष स्वास्थ्य मेले में 550 लोगों ने करायी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने आयुर्वेद देव भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान बच्चों को सुवर्णभस्म सुवर्णप्राशन ड्रॉप पिलाई गई और उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं।


कलेक्टर दीपक सोनी ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए लोगों से चर्चा की। उन्होंने स्वयं भी सुवर्णप्राशन संस्कार शिविर में बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले सुवर्णप्राशन ड्रॉप पिलाकर इस पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दिया।



आयुष स्वास्थ्य मेले में लगभग 550 से अधिक नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण का लाभ लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आयुर्वेद, योग और स्वस्थ जीवनशैली पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। साथ ही औषधीय पौधों की पहचान, उपयोग एवं संरक्षण पर जानकारी दी गई तथा औषधीय सामग्री से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा, आयुष चिकित्सक डॉ. एल. एस. ध्रुव सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।














संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
लक्ष्मी हार्डवेयर
सभी प्रकार के मशीन एवं स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध
श्री लक्ष्मी साहू
अध्यक्ष
पीड़ित व्यापारी संघ बलौदाबाजार
एवं सदस्य चैंबर ऑफ कॉमर्स
रोमी साहू
महामाया स्टील एण्ड एल्यूमिनियम
स्टील रेलिंग, एल्यूमिनियम सेक्सन खिड़की,
फ्लश डोर, एसीपी वर्क


सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान


BOOK NOW
नंदगाँव
आवासीय कॉलोनी
प्रोजेक्ट साईट-भाटागांव (कोकड़ी)
सभी साइजों में प्लॉट उपलब्ध...
बुकिंग मात्र
21000/-
मो.: 98265-76000, 99267-09090
ऑफिस एड्रेस :- अग्रवाल हीरो, लवन रोड, बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप



### मृतक शिक्षक के परिजनों से मिले विधायक अनुज

**खरोरा।** ग्राम बरौंडा निवासी शिक्षक राजू घिलहरे का विगत दिनों खरोरा के तिगड्डा चौक में दुर्घटना से निधन हो गया। उनकी अंत्येष्ठी दशगात्र में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। विधायक ने शोक संतप्त घिलहरे परिवार को ढाढस बंधाते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। कार्यक्रम में रामसिंह घिलहरे, बिसहत घिलहरे, कन्हैया घिलहरे, राजू घिलहरे, लालू घिलहरे, लालदास घिलहरे, राजाराम घिलहरे, तरेश, रमेश गिलहरे, मुचुल गिलहरे, कमलनारायण, हितेश सहित समस्त घिलहरे परिवार उपस्थित थे ।

### राजपुर में मातर महोत्सव 23 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यादव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 अक्टूबर गुरूवार को मातर महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें विक्रम बेताल अखाड़ा दल सोनपैरी का प्रदर्शन होगा। रात्रि में शंभू गौरा सांस्कृतिक लोककला मंच सोनेवारा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गिरवर यदु, सोमनाथ यादव, टिकेश यादव, हेराम यादव व कमल यादव ने दी है।

## अनदेखी : भारी वाहनों के चलते हादसे की आशंका बढ़ी, कार्रवाई शून्य

# नगर में भारी वाहनों का प्रवेश, त्यौहारी सीजन में बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण नगर पहले से ही यातायात के भारी दबाव का सामना करता है, वहीं अब त्यौहारी सीजन के चलते शहर के मुख्य मार्ग में भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही से यातायात की स्थिति विकट हो गई है। शहर के भीतर भारी और मध्यम वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश ने न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है, बल्कि आम नागरिकों और त्यौहार की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रही भीड़ के लिए बड़े सड़क हादसे का गंभीर खतरा बना हुआ है। त्यौहारों के मौसम में आमतौर पर स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाती है, ताकि बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके बावजूद इन नियमों का उल्लंघन हो रहा है। मालवाहक ट्रक, ट्रेलर और ओवरलोडेड गाड़ियां बेरोकटोक शहर के मध्य से गुजर रही हैं, जिससे आम जनता में दहशत का माहौल है। शहर के मुख्य मार्ग पर जरा-सी लापरवाही बड़े जाम का कारण बन रही है। लोगों का कहना है कि यह लापरवाही स्पष्ट रूप से किसी भी समय एक बड़े और दुखद हादसे को जन्म दे सकती है। बीते समय में भी नेशनल हाईवे और शहर के आसपास भारी वाहनों से जुड़ी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान गई है।

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, आम नागरिक परेशान

शहर के मुख्य चौराहे, जैसे कचहरी चौक, बरोंडा चौक और बस स्टैंड के आसपास का इलाका, जो त्यौहारी खरीददारी का केंद्र है, वहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। एक तरफ जहां लोग उत्साह के साथ अपने परिवार के लिए खरीदारी करने निकलते हैं, वहीं दूसरी ओर विशालकाय ट्रकों का शहर में घूमना उनकी गति को बाधित करता है और पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती। सड़क पर अचानक ब्रेक लगाने या धीमी गति से चलने के कारण पीछे से आ रहे छोटे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

### हादसे की आशंका का बढ़ता साया

त्यौहारी सीजन में शहर की सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही भी बढ़ जाती है, जैसा कि हाल के दिनों में मवेशी से टकराने से हुए हादसे सामने आए हैं। ऐसे में, यदि अनियंत्रित रफ्तार से भारी वाहन शहर से गुजरते हैं, तो उनकी चपेट में आने से किसी भी पैदल यात्री, खासकर बच्चों और बुजुर्गों या दोपहिया वाहन चालकों का सुरक्षित बच पाना असंभव हो जाता है। भारी वाहनों की तेज गति, ब्रेक लगाने में अधिक समय लगना और ड्राइवर की थकान ये सभी कारक मिलकर एक डेंजर ज़ोन का निर्माण कर रहे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र में मां लक्ष्मी की प्रतिमा





**गोपालपुर।** ग्राम गोपालपुर में महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर ताबा तालाब से पानी ले जाया गया। तब विधि विधान से गांव के पीपल चौक मे मां लक्ष्मी की मुर्ति की स्थापना की गई है। क्षेत्र के खम्हरिया एवं तेन्दुआ में भी मां लक्ष्मी की मुर्ति स्थापना की गई है। गांव के लोग भक्ति में डूबे है और अपने श्रद्धा से पुजा अर्चना कर रहे है।

## पेज 11 के शेष

### धनतेरस पर बाजारों...

दोपहिया और चार पहिया वाहनों की बुकिंग में भारी वृद्धि देखने को मिली। हीरो शो-रूम संचालक उमेश अग्रवाल ने बताया कि कई मॉडलों के लिए पहले से बुकिंग पूरी हो चुकी थी, जबकि मौके पर भी बड़ी संख्या में ग्राहकों ने वाहन खरीदे। शाम ढलते ही बाजार की चमक और बढ़ गई। दुकानों पर सजी रोशनी और सजावट ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया।

### सुहेला के तिगड्डा...

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तिगड्डा चौक पर तत्काल पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात को नियंत्रित किया जा सके और लोगों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस मार्ग से चौबीसों घंटे भारी वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से अपील की गई है कि दीपावली जैसे पर्वों के दौरान विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके और ग्रामीण निडर होकर खरीदारी कर सकें।

### सुहेला में धनतेरस ...

लक्ष्मी इस दिन पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। इस शुभ दिन पर ग्रामवासियों ने मां लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर और भगवान धन्वंतरि की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण और सादगी का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस प्रकार ग्राम सुहेला में धनतेरस का पर्व सादगी, परंपरा और श्रद्धा के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।












संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007







संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय
12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## पर्व : तरी हरि नाना मोर की गूंज, बालिकाएं और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में दे रही आकर्षक प्रस्तुति

# दीपावली पर घर-आंगन में सुआ गीत की गूंज व नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

दीपावली पर्व पर छत्तीसगढ़ के गांवों और नगरों में पारंपरिक संस्कृति की झलक एक बार फिर जीवंत हो उठी है। आंचलिक क्षेत्रों में सुआ नृत्य की टोली घर-घर जाकर मनमोहक नृत्य से लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दे रही है।

सुबह होते ही गांव की गलियों में बालिकाओं की टोली साड़ी पहन सिर पर टोकनी सजाए सुआ गीत गाती नजर आती है। उनके साथ महिलाएं ताली बजाकर नृत्य का नेतृत्व करती हैं। यह दृश्य ना केवल मन को भाता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की गहरी सांस्कृतिक जड़ों की याद भी दिलाता है।

इस पर्व पर विशेष बात यह रही कि छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इन नृत्य मंडलियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। दुकानों, घरों और आंगनों में टोली पहुंचकर पारंपरिक गीतों के माध्यम से आशीर्वाद देती नज़र आई।



### स्कूल में छात्रों ने प्रस्तुत किया सुआ नृत्य और राउत नाचा

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा-नेवरा के पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में दीपावली अवकाश के पूर्व पारंपरिक उत्सवों की झलक देखने को मिली। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक सुआ नृत्य एवं राउत नाचा जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को लोक संस्कृति की खुशबू से महका दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानपाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में हमारी परंपराओं, लोक संस्कृति एवं सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती और मानसी का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में संस्कृति को सहेजने एवं आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस सफल आयोजन के लिए ग्राम के सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल राम वर्मा, विधायक प्रतिनिधि संतोष वर्मा तथा संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।



### परंपराओं से बनाए रखना ही हमारी असली पहचान



**घोटिया।** पलारी ब्लॉक के ग्राम साराडीह स्थित हाई स्कूल में शुक्रवार को छात्रों ने सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सुवा गीतों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। विद्यालय प्रांगण में पारंपरिक गीतों की गूंज और उत्सव जैसा माहौल रहा।कार्यक्रम के समन्वयक मनोज कुमार गायकवाड़ ने कहा कि सुवा नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, सामाजिक एकता और मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आधुनिकता के दौर में अपनी परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखना ही हमारी असली पहचान है। प्राचार्य राजकुमार साहू ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाते हैं तथा उन्हें अपने राज्य की लोक संस्कृति से गहराई से जोड़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार गायकवाड़ ने किया। इस अवसर पर हीरालाल वर्मा, पुनीत राम सेन, सरोज साहू, नंदनी घृतलहरे, महेंद्र कुमार मार्कण्डेय सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### महादेव व सुआ महारानी की पूजा हुई

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में इस वर्ष भी ईश्वर की परंपराओं का निर्वहन करते हुए आदि देव महादेव, सुवा महारानी एवं आदिशक्ति बुद्धदेव की पूजा-अर्चना एवं फूल कुचलना का कार्य सम्पन्न किया गया। यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन आदिकाल से चली आ रही परंपरा का प्रतीक है, जिसे ग्राम इकाई की सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम की नन्हें-मुन्नें बाल कलाकारों ने भी पारंपरिक वेशभूषा में सजकर घर-घर एवं चौक-चौराहों पर लोकगीतों व नृत्यों के माध्यम से अपनी लोक संस्कृति और धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। ग्राम इकाई से गैंदीबाई ध्रुव, धनेश्वरी ध्रुव, बुधियारिन ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, परी साहू, राशि साहू, उर्वशी साहू एवं लुमिनिया साहू ने विशेष रूप से पारंपरिक परिधानों में सहभागिता कर ग्रामीण संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया।



### सुआ नृत्य की पलारी अंचल में धूम



**पलारी।** अंचल में सुआ नृत्य की धूम मची है, जहां छोटे बालिकाओं से लेकर युवती एवं महिलाएं पारंपरिक एवं आकर्षक परिधान में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजे हुए हैं। ये सुआ दल घर-घर व प्रतिष्ठानों में जाकर तरी हरि नाना मोर की गूंज सुनाई दे रही है, जंहा उपहार मिलने के बाद सबर दिन सबर दिन देबो आशीष सुआ रे का आशीर्वाद देती हुई आगे बढ़ जाती है। ग्राम पंचायत छड़ीया में नन्हीं-नन्हीं बालिका साड़ी धारण कर आंगन-आंगन दस्तक देकर परम्परागत संस्कृति को कायम रखे हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### ब्लॉक में आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य जारी

**भाटापारा।** इस दीवाली, आयुष्मान त्यौहार एवं व्य वंदन योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में भाटापारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी द्वारा स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग प्रदान किया गया तथा अन्य पात्र वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई कि वे शीघ्र अपने आयुष्मान कार्ड बनवाएं, जिससे उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इस कार्य में मितानिनों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा। अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को व्य वंदन आयुष्मान योजना का लाभ घर-घर प्रत्येक नागरिकतक पहुंचाया जा सके।

### नंदकुमार बने पेंशनर्स समाज के प्रांतीय संयोजक



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती द्वारा जल संसाधन लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभागीय लंबित मांगों के निराकरण हेतु उप समिति गठित कर नंदकुमार भास्कर सेवानिवृत समयपाल को प्रांतीय संयोजक नियुक्ति कर उक्त पद की शपथ प्रांतीय कार्यालय रायपुर में प्रांताध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर जिला एवं खरोरा तहसील के वरिष्ठ सदस्यगण सिमर कार्यक्रम को सफल बनाये। शपथ ग्रहण कार्यकम में प्रमुख रूप से गोपाल पड़वारपेंशनर्स समाज खरोरा, संयोजक के आर वर्मा, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, सचिव हरिश्चंद्र देवांगन, प्रवक्ता रामनाथ साहू, सलाहकार भुपेन्द्र नायक, महामंत्री अंबिका प्रसाद वर्मा, सह सचिव सुरेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ पेंशनर्स सुरेश कुमार साहू, कांशीराम निषाद, मनहरण वर्मा, बलदाऊ निर्मलकर, दौलतराम निर्मलकर आदि उपस्थित रहें।

### लिमतरा में नाचा गम्मत का आयोजन 21 को

**धमतरी।** दीपावली त्योहार के अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम लिमतरा में 21 अक्टूबर को मोर मयारू बेटा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सिकोसा भाठागांव बालोद का नाचा गम्मत कार्यक्रम रखा गया है।

### निधन

### किशोर कुमार साहू



**खरोरा।** ग्राम चकवे निवासी किशोर कुमार साहू 25 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनके दो पुत्र कुमार साहू, रामनाथ साहू है। श्रद्धांजलि सभा में ग्राम पंचायत, प्रगतिशील किसान, युवा समाजसेवी एवं पंचायत प्रतिनिधि सेट राम साहू, टोमन साहू, ईश्वर साहू, बीरबल साहू, मोहित साहू, खिलेश्वर साहू सहित गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### धनतेरस पर तेरह दीप प्रज्ज्वलित...



**बंगोली|** दीपावली पर्व के चलते धन त्रयोदशी धनतेरस मनाया गया| धनतेरस पर बच्चों ने घर के आंगन में दक्षिण दिशा में कुल 13 दीप प्रज्ज्वलित किया |

### श्याम स्कूल में हुई विविध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमा विद्यालय में दीपावली पर्व को लेकर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया। जिसमें रंगोली, दीया सजाओ, थाल सजाओ, मेहंदी क्राफ्ट स्पर्धा हुई। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा छग की सांस्कृतिक पहचान के रूप मनमोहक सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में अग्रिम अग्रवाल, गीतांजली यादव एवं अमित लामा, ऐश्वर्या साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम समापन के पश्चात विद्यालय प्रंबधन समिति की ओर से संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव, तारा चंद्राकर द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रंगोली में प्रथम कक्षा 12वीं से लिमेश, मीनाक्षी निषाद, थाल सजावट में 6वीं से महेश्वरी, डिंपल, तन्नू, मेहंदी में प्रथम जिज्ञासा, दिया सजावट में सिया ठाकुर, वेदिका साहू, पुष्कर, हर्षिता, क्राफ्ट में यश, तृप्ति, परिधि शामिल है।

## जल संरक्षण के ठोस उपाय करने की मांग शिवसेना ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

बलौदाबाजार जिले में बारिश के पानी को रोकने के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ शिवसेना ने नाराज़गी जताई है। शिवसैनिकों ने जिला कलेक्टर व जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता के नाम एसडीएम सिमगा अतुल कुमार सेटे को ज्ञापन सौंपा है। प

रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने बेताया कि जिले के कई स्टॉप डेमों में शटर नहीं लगे हैं और कई एनीकट के गेट जर्जर स्थिति में हैं। इस कारण बारिश का पानी बेकार बह जाता है। ज्ञापन के माध्यम से हमने प्रशासन को जल संरक्षण के ठोस उपाय करने की मांग की है,



ताकि गर्मी के दिनों में पीने के पानी की किल्लत, पशु-पक्षियों की परेशानी और कृषि संकट जैसी स्थितियां न बनें। शिवसेना पदाधिकारियों का कहना है कि यदि समय रहते योजना नहीं बनी तो आने वाले दिनों में बोर खनन पर प्रतिबंध, किसानों के पंप काटने और धान की फसल पर रोक जैसे निर्णय आम जनता के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। भविष्य में होने वाले परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष कार्य करना अति आवश्यक है। इस दौरान बलौदाबाजार जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, आलोक कुमार, मुलचंद टंडन आदि उपस्थित थे।

## दूसरों से प्रेरणा लेकर राजेंद्र ने की अंगदान की घोषणा

# संजीवनी संघ का मूल उद्देश्य निःशुल्क ब्लड मुहैया करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राजेन्द्र वर्मा पिता बलराम वर्मा ग्राम खम्हरिया ने समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के माध्यम से रायपुर के एम्स हॉस्पिटल में अपना अंगदान कर एक मिशाल पेश किया है। राजेन्द्र वर्मा छोटा सा किसान है, लेकिन इनकी सोच और कार्य बहुत विशाल है। स्नातक तक पढ़ाई कर कृषि कार्य करते हुए व्हालीबाल खेल का बेहतरीन कोच है। जिनके ग्राउंड से प्रति वर्ष लगभग पांच सात बच्चे नेशनल वॉलीबॉल में प्रतिनिधित्व करते हैं ।

बता दे की संजीवनी रक्तदाता संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं ग्राम भरूवाडीह कला के स्कूल में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ दिनेश वर्मा जो कि कुछ वर्ष पहले वे भी अंगदान के लिए संकल्पित हुए, जिनसे



प्रेरणा लेकर राजेंद्र वर्मा भी इस नेक कार्य के लिए आगे आए, जिसके लिए संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ने उनका आभार व्यक्त किया है।

14 जून विश्व रक्तदान दिवस 2004 से संचालित समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ का गठन का मूल उद्देश्य जरूरतमंदों तक निःशुल्क ब्लड मुहैया कराना एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों जैसे मानसून आने के पहले पौधारोपण, ग्रीष्म ऋतु में राहगीरों एवं आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक पियाऊ घर, रक्तदान शिविर का आयोजन, सावन मांस में बोल बम आने जाने वाले कांवरियों के लिए जलपान की व्यवस्था, शोकाकुल परिवार के घरों में अन्न दान इत्यादि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों करते आ रही है, जिसमें अब तक अंगदान जैसे महान कार्य और शामिल हो चुका है।

संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष चौहान ने बताया कि इस संगठन द्वारा अब तक तीन लोगों ने अंगदान किया है एवं तीन लोगों द्वारा नेत्रदान घोषणा पत्र भरकर रायपुर के एम्स हॉस्पिटल मे जमा किया जा चुका है। श्री चौहान ने यह भी कहा कि आगे भविष्य में भी हम लोगों को इस प्रकार के नेक कार्य करने हेतु प्रेरित करते रहेंगे।

